Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Rajsamand district headquarters in Rajasthan.*h

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द में जिला मुख्यालय में केन्द्रीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। राजसमन्द जिले में एकमात्र केन्द्रीय विद्यालय देवगढ़ कस्बे में है जो राजसमन्द शहर से लगभग 80 कि0मी0 है। ऐसे में राजसमन्द के विद्यार्थियों को अधिक दूरी व सीटों की कमी के कारण वहां प्रवेश नहीं मिल पाता है।

राजसमन्द मार्बल व खनन का बड़ा औद्योगिक केन्द्र है। यहां पर सैनिक परिवार भी काफी संख्या में रहते हैं। अतः यहां के निवासियों को अपने बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के लिये केन्द्रीय विद्यालय की मांग काफी समय से चल रही है।

मेरा माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से निवेदन है कि राजसमन्द जिला मुख्यालय में एक केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत करने की कृपा करें।